# वस्त्र मंत्रालय

## मंत्रिमंडल के लिए माह मार्च 2022 का मासिक सारांश

1. नीतिगत निर्णय : शून्य

2. महत्वपूर्ण उपलब्धियां :

(i) उत्पाद सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लिए परिचालन दिशानिर्देश मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। वस्त्र के लिए पीएलआई योजना के तहत आवेदन वेब पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जा रहे हैं, जिसे शुरू में 01.01.2022 से 31.01.2022 तक खोला गया और बाद में 28.02.2022 तक बढ़ाया गया। पीएलआई योजना के तहत कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वेब पोर्टल में प्राप्त आवेदनों की जांच पीएलआई योजना के लिए इस मंत्रालय द्वारा नियुक्त पीएमए द्वारा की जाती है। पीएलआई योजना के तहत आवेदनों पर विचार करने के लिए सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में पहली चयन समिति की बैठक 31.03.2022 को आयोजित की गई थी।

**(ii)** माह मार्च 2022 के दौरान, संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन कोष योजना (ए-टीयूएफएस) के तहत 593.58 करोड़ रूपए की सब्सिडी आवश्यकता सहित 8832.71 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ 1380 यूआईडी जारी किए गए हैं।

**(iii)** कपास के बीज की अखिल भारतीय आवक लगभग 42.70 लाख गांठ थी। अक्टूबर 2021 से मार्च 2022 के बीच कपास की संचयी आवक 264.66 लाख गांठ रही है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 18% कम है। तथापि, पिछले 10 वर्षों की इसी अवधि के दौरान औसत आगमन की तुलना में इस वर्ष आवक 0.25% कम है। चूंकि बाजार में कपास की

कीमतें एमएसपी से ऊपर चल रही हैं, इसलिए भारतीय कपास निगम (सीसीआई) ने मार्च, 2022 के दौरान एमएसपी संचालन के तहत कपास की खरीद नहीं की है।

(iv) व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए ओडिशा और लद्दाख में क्रमश: 550 लाख रूपए और 60.75 लाख रुपये की पहली किस्त जारी की है।

(v) माह मार्च, 2022 के दौरान निफ्ट परिसरों ने आज़ादी का अमृत महोत्सव के लिए निर्निष्ट किए गए विषयों के अनुसार 4 कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया ।

**(vi)** माह मार्च 2022 के दौरान, विकास आयुक्त (हथकरघा) के कार्यालय ने " आजादी का अमृत महोत्सव" के अवसर पर विशेष हैंडलूम एक्सपो " झरोखा : सेलिब्रेटिंग क्राफ्ट्स ऑफ इंडिया" का आयोजन (i) शहरी हाट , दीमापुर" ; (ii) अहमदाबाद; (iii) शहरी हाट , अजमेर; (iv) कोयंबटूर; और (v) पुणे। में बुनकर सेवा केंद्रों के माध्यम से किया है।

मार्च 2022 में, बुनकर मुद्रा योजना के तहत, कुल 1547 मुद्रा ऋण स्वीकृत किए गए थे।

**(vii)** माननीय वस्त्र मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- 24 मार्च, 2022 को उपयोगकर्ता मंत्रालयों और निर्माताओं के साथ जियो टेक्सटाइल के अनुप्रयोग क्षेत्रों का विस्तार करना
- दिनांक 12.3.2022 को होटल ताज मान सिंह, नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और वस्त्र मंत्रालय द्वारा आयोजित तकनीकी वस्त्रों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ।

- दिनांक 14.03.2022 को वस्त्र मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय वस्त्र विकास बोर्ड, नई दिल्ली के गठन पर बैठक

**(viii)** माननीय वस्त्र राज्य मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- तकनीकी वस्त्र पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 12 मार्च, 2022 को माननीय वस्त्र राज्य मंत्री के साथ सम्मानित अतिथि के रूप में आयोजित किया गया था।

IX. सचिव (वस्त्र) ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- दिनांक 03.03.2022 को ब्रेक आउट सत्र थीम 3- "भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए विकास इंजन के रूप में एमएसएमई"
- दिनांक 07.03.2022 को समर्थ – वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना पर अधिकार प्राप्त समिति पर वीसी की बैठक
- दिनांक 08.03.2022 को संतुष्टि शोरूम-राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम, संतुष्टि कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली का उद्घाटन
- दिनांक 09.3.2022 को हथकरघा एक्सपो 2022- सेन्ट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज कारपोरेशन नई दिल्ली का उद्घाटन
- दिनांक 09.3.2022 को सीआईटीआई द्वारा आयोजित वीसी के माध्यम से मानव निर्मित फाइबर कॉन्क्लेव 2022 पर विशेष संबोधन।
- दिनांक 15.3.2022 को राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय, नई दिल्ली में वस्त्र मंत्रालय का स्वच्छता कार्यक्रम।

- दिनांक 15.3.2022 को प्रतिनिधिमंडल के साथ अध्यक्ष, टेक्सप्रोसिल के साथ बैठक ।
- दिनांक 16.03.2022 को राष्ट्रीय वस्त्र केंद्र हाट (हथकरघा हाट ) के उपयोग पर चर्चा।
- दिनांक 16.3.2022 को प्रतिनिधिमंडल सहित अध्यक्ष, आईजेएमए के साथ बैठक।
- सचिव (वस्त्र) ने दिनांक 17.3.2022 को डीपीआईआईटी द्वारा राष्ट्रीय मास्टर प्लान - पीएम गति शक्ति के डेमो में भाग लिया।
- सचिव (वस्त्र) ने दिनांक 17.03.2022 को नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में गृह मंत्री की अध्यक्षता में हर घर झण्डा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा में भाग लिया।
- दिनांक 21.03.2022 को सीपीएसई का बंद किया जाना और निजीकरण-उपसमिति ।
- दिनांक 24.03.2022 को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में एनएचडीसी द्वारा आयोजित विशेष हैंडलूम एक्सपो का उद्घाटन।
- दिनांक 24.3.2022 को 42 वें इंडिया कारपेट एक्सपो, एनएसआईसी ग्राउंड, ओखला , नई दिल्ली का उद्घाटन।
- दिनांक 26.3.2022 को डीपीआईआईटी द्वारा आयोजित संपर्क , समन्वय , संवाद - विजन @ 2024 पर सभा।
- दिनांक 29.03.2022 को होटल जे डब्ल्यू मैरियट एरोसिटी , नई दिल्ली में आरबीएसएम- इंडिया फैशन टेक्स - डब्ल्यूडब्ल्यूईपीसी का उद्घाटन ।
- दिनांक 30.03.2022 को ग्रेटर नोएडा में 53 वें आईएचजीएफ -ईपीसीएच का उद्घाटन ।
- प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव : दिनांक 30.3.2022 को विश्वकर्मा निर्माण निधि पर सचिव (वस्त्र) द्वारा प्रस्तुति।

- दिनांक 30.03.2022 को पीएलआईयोजना के क्रियान्वयन पर सीईओ, नीति आयोग के साथ बैठक – परस्पर संवाद सत्र।

X.वस्त्र आयुक्त के कार्यालय(टीएक्ससी ) द्वारा माह मार्च, 2022 के दौरान " आजादी का अमृत महोत्सव" मनाने के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम और समारोह आयोजित किए गए

- वस्त्र आयुक्त के कार्यालय ने श्रीमती दीपाली पंत जोशी, पूर्व कार्यकारी निदेशक, आरबीआई जैसी प्रख्यात महिलाओं की बातचीत के माध्यम से "अतीत से वर्तमान तक की महिलाएं" थीम मनाकर सप्ताह भर की गतिविधियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।
- ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष के दौरान अपनी जान गंवाने वाले भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु के बलिदानों का सम्मान करने के लिए दिनांक 23.3.3022 को शहीद दिवस मनाया गया ।
- वेबेक्स मीटिंग/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी क्षेत्रीय कार्यालयों/विद्युतकरघा सेवा केंद्रों के साथ-साथ वस्त्र आयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को लघु फिल्में दिखाई गईं ।

........................